कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 09/11/2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में

# जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास पर व्याख्यान

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. चाँदनी मरकाम, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशालीनगर भिलाई थी।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि भारत में जनजातीय छ.ग. के साथ ही दक्षिण भारत एवं पूर्वी भारत के सेवन सिस्टर्स (सात बहनें) राज्यों में सबसे अधिक पाये जाते हैं। भारत की आजादी में जनजातियों का विशेष योगदान रहा है।

मुख्य वक्ता डॉ. चाँदनी मरकाम ने कहा कि - जनजाति समाज का इतिहास प्रारंभिक काल से ही गौरवपूर्ण रहा है। भारत वर्ष के स्वतंत्रता संग्राम एवं भारतवर्ष के उत्कृष्ट सांस्कृतिक धरोहर को संजोने में हमारे जनजाति समाज का बहुमूल्य योगदान रहा है। आने वाली युवा पीढ़ी को जनजातीय समुदाय के गौरवशाली अतीत से अवगत कराने के लिए केंद्र सरकार विभिन्न सार्थक योजनाएँ संचालित कर रही है, जबकि इनका इतिहास प्रारंभ से ही सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से सुदृढ़, बहुआयामी एवं समृद्ध रहा है। उन्होंने शहीद वीर नारायण, वीरांगना रानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा, गुंडाधुर, गैद सिंह आदि की वीर गाथाओं की छात्राओं को जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में अतिथि वक्ता का परिचय डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. अनुजा चौहान, श्रीमती ज्योति भरणे, श्री जागृत ठाकुर, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती सिंह राठौर ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मुक्ता बाखला ने किया। कार्यक्रम में श्री विमल यादव का भी विशेष सहयोग रहा।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)**
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
# गर्ल्स कॉलेज में

## जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास पर व्याख्यान





